फर्जी हाजरी भर कर निकाले दस लाख : आरोप

जिला पंचायत सदस्य की शिकायत

मामला ग्राम पंचायत अंजनिया का

छपारा,देशबन्धु। जिला पंचायत सदस्य ललिता रावेन शाह अपने जिला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण के दौरान शिकायत मिली थी कि ग्राम पंचायत अंजनिया में मनरेगा से कराए जाने वाले खेल मैदान समतलीकरण परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। और दोनों निर्माण कार्यों से लगभग 10 लाख रुपए की राशि निकल लिया गया जिस पर जिला पंचायत सदस्य ललित रावेन शाह जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मनरेगा से कराए जाने वाले निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने और दोषियों को सख्त कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया जांच पर स्पष्ट नहीं बता रहे हैं क्या भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं ।

जिला पंचायत सदस्य ने मनरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के गबन की सूक्ष्मता से जांच करा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने शिकायत पत्र लिखा है कि जिला पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंजनिया में शासन की योजना अंतर्गत अंजनिया नाग देवता के पास मैदान समतलीकरण कार्य की स्वीकृति प्राप्त की गई है वित्तीय वर्ष 2023 24 में एवं इसके पूर्व में इस जगह पर वर्ष 2022-23 में परकुलेशन टैंक निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था उक्त स्थान पर आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण है एवं दोनों निर्माण कार्य की फर्जी हाजिरी से लगभग 10 लाख रुपए निकासी कर लिया गया है ऐसा ही इसी पंचायत के ग्राम भारिया टोला चंडी प्राथमिक शाला में मैदान समतलीकरण कार्य की स्वीकृति प्राप्त की गई है जिसमें ग्रामीणों ने बताया है कि बिना कार्य हुए फर्जी हाजिरी से लगभग चार लाख रूपए निकाल दिए गए हैं।

गांव वालों से जानकारी प्राप्त हुई है कि मैदान पर कोई कार्य नहीं किया गया है तथा तीनों निर्माण कर प्रारंभ भी नहीं हुए हैं और लगभग 14 लाख रुपए की राशि आहरित की जा चुकी है इस भयानक भ्रष्टाचार से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है अंजनिया के नाग देवता के सामने परकुलेशन टैंक और मैदान समतलीकरण कार्य एक स्थान पर स्वीकृत करना नियम विरुध है और शासन की मंश के खिलाफ है। प्रशासन की घोर लापरवाही और साठ गांठ से जानबूझकर किया गया कृत्य है जो शासन की मंशा के विपरीत है इस संबंध में उपयंत्री तकनीकी अमला एवं पंचायत प्रशासन की मिली भगत से यह भ्रष्टाचार किया गया है । जांच में अधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से बच रहे।

दो मोटरसाइकिलें भिड़ीं, एक की मौत

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव के निकट ग्राम कंजई गांव के अशोक वाटिका के समीप जबलपुर से शेढ बेलखेड़ी जा रहे युवक की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, परमवीर पिता रामजी ठाकुर, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम मंगला (जबलपुर), अपनी टू-व्हीलर से ग्राम शेढ बेलखेड़ी किसी रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान अशोक वाटिका के पास उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे दुर्घटना में राजेन्द्र पटेल, उम्र 42 वर्ष, निवासी कजई की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि परमवीर नशे की हालत में था, जिससे हादसा हुआ।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वन परिक्षेत्र गोटेगांव में हो रही है अंधाधुंध कटाई

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव तहसील क्षेत्र के वन परिक्षेत्र के उपवन परिक्षेत्र बरहटा के अंतर्गत बीट सिलवानी में नाकेदार की नाक के नीचे हो रही है सागौन के कीमती पेड़ों की धुंआधार कटाई, और जिस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई हो रही है वह स्थान कोई सुनसान या अधिकारियों की पहुंच से दूर नहीं है ।नाकेदार के निवास से महज़ चंद कदम की दूरी पर काटे जा रहे हैं कीमती सागौन के पेड़। जानकारी अनुसार यहां पर पदस्थ बीट के नाकेदार लगभग 12 वर्षो से ज्यादा समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं ताज्जुब की बात यह है इन अधिकारी का कहीं तबादला भी नहीं हुआ।इस कटाई की पूर्व में जानकारी डिप्टी रेंजर और सम्बंधित रेंजर को दी गई थी। लेकिन इनके द्वारा भी खबर लिखे जाने तक कोई विशेष कदम नही उठाया गया है।सिलवानी के ग्रामीणों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया और साथ ही मांग की है कि वनमंडल अधिकारी यहाँ की हो रही कटाई की जाँच कराकर सम्बंधित नाकेदार और डिप्टी रेंजर पर उचित कार्यवाही करते हुए इन्हें यहाँ से तत्काल अलग किया जाए।

सार-समाचार

लाइनमैन कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य करने पर हुए सम्मानित

परासिया, देशबन्धु । परासिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तहसील उमरेठ में लाइनमैन दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के उमरेठ क्षेत्र अंतर्गत लाईनमैनों द्वारा उपभोक्ताओं॰ को सतत् विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइनमैन को मेडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। आने वाले समय में लाइनमैन को सुरक्षित कार्य करने की सलाह भी दी गई, साथ ही यह मांग रखी गई कि लाइनमैन की ड्यूटी के दौरान अगर दुर्घटना में मौत होती है तो उसे शहीदी का दर्जा दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर सोमदत्त सिंह, विजय शंकर पटेल जेई, संतोष भाभोरी परासिया, दिलीप बेलवंशी उमरेठ ,योगेश डेहरिया,राकेश डेहरिया मोरडोंगरी के साथ सभी विद्युत कर्मचारी व लाइनमैन उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव विधानसभा के ग्रामीण मंडल के ग्राम मोहास में श्रीमद् भागवत कथा में गोटेगांव विधानसभा के यशस्वी विधायक महेन्द्र नागेश सम्मिलित हुए। व्यासपीठ एवं कथावाचिका का आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अभिषेक पटैल सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे सोबरन सिंह पटैल (पूर्व मण्डल अध्यक्ष) , रामजी पटैल (जनपद सदस्य) देवेन्द्र पटैल (सरपंच बुधगाँव) एवं श्रद्धालु जन ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

डेहरिया मेहरा समाज की बैठक

जुन्नारदेव, देशबन्धु । मेहरा डेहरिया समाज द्वारा विगत 12 वर्षों से लगातार आयोजित किया जाने वाला महिला जाग्रती सम्मेलन इस वर्ष 9 मार्च को सामाजिक भवन कुशमेली मंडी रोड छिंदवाड़ा में आयोजित किया जायेगा जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया के निर्देश पर जुन्नारदेव में सामाजिक महिलाओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया अंतरास्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया जाता है डेहरिया समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष सिताबिलाल डेहरिया की प्रेरणा से सामाजिक महिलाओं की आर्थिक एंव राजनेतिक सशक्तिकरण एंव उनके उत्थान एंव सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका की दृष्टि से यह आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त सामाजिक महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एंव मणिपुर की पूर्व राज्यपाल माननीया अनुसूइया उईके मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित रहेंगी जबकि विशेष अतिथि के रूप में शालनी विवेक बंटी साहू उपस्थित रहेंगी।

विशिष्ठ अथिति के रूप में नगर निगम की सहायक आयुक्त मीना कोरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति डेहरिया व किरण चौधरी रहेंगी।जुन्नारदेव जिला उपाध्यक्ष संजय डेहरिया के घर में बैठक हुई जिसमें छिंदवाड़ा की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमा डेहरिया सचिव रैना हारले जिला उपाध्यक्ष छाया मेहरा सचिव दिनेश डेहरिया की उपस्थित में की गई जिसमें पिंकी बछलिया,कंचन बेले, संगीता डेहरिया, दीपमाला बेले , नंदनी नागले, पूनम बडौदे, पुरूष वर्ग के लखन लाल डेहरिया,दीपक बछलिया,रवि बेले,सन्तोष डेहरिया, मनीष नागले, के जिला सचिव दिनेश डेहरिया जिला उपाध्यक्ष संजय डेहरिया उपस्थित रहे।

राम वार्ड करेली में पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू

करेली, देशबन्धु। करेली नगर चहुमुखी विकास के नए आयाम को स्थापित कर रहा है मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल के मार्गदर्शन और नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार के अथक प्रयासों से पूरे शहर में विकास कार्य जारी है ।

इसी क्रम में आज रामवार्ड सोमवारा बाजार स्थित ग्राउंड में अमृत 2.0 के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण कार्य समस्त तकनीकी परीक्षणों के उपरांत के पूजन कर कार्य प्रारंभ हुआ। उक्त पानी की टंकी की क्षमता 10 लाख लीटर होगी जिसकी ऊंचाई लगभग 18 मीटर तथा लागत 63 लाख 87 हजार होगी। टंकी का निर्माण कार्य मेसर्स वनांचल कंस्ट्रक्शन बिछुआ के द्वारा किया जाएगा। पानी टंकी निर्माण से पानी का बड़ी मात्रा में स्टोरेज होगा एवं प्रेशर से पानी सप्लाई हो सकेगा।

सोमवारा बाजार पुरानी टंकी छतिग्रस्त हो जाने के कारण पानी सप्लाई में दिक्कत आ रही थी। अब नई टंकी निर्माण से विभिन्न वार्डों में भी जल समस्या का निराकरण होगा।

उक्त भूमि पूजन में नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता नेमा सहित सभी पार्षद गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, उपयंत्री योगेंद्र बाथरी, नगर पालिका के अधिकार/कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

सौसर, देशबन्धु । ग्राम बेरडी में वीर बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं व्यायाम शाला द्वारा आयोजित भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का कल रात्री को भव्य समापन हुआ इस प्रतीयोगीता मे जय बजरंग आजनी विजेता रही तथा उपविजेता खेल एव युवा कल्याण विभाग छिंदवाड़ा की टीम उपविजेता रही तथा तिसरे स्थान पर वीर बजरंग क्रिडा मंडल एवं व्यायाम शाला बेरडी की टीम एव चतुर्थ स्थान पर एकलव्य क्रिडा मंडल सावनेर की टीम रही।

इस प्रतीयोगीता मे महाराष्ट्र एव मध्यप्रदेश की कुल 30 टिमे सहभागी बनी दो दिन चले इस प्रतीयोगीता का आनंद बेरडी ग्रामवासियों के सथ सथ समीपस्थ समस्त ग्राम वासीयो द्वारा भी आनंद लिया गया। पुरस्कार वितरण विधायक विजय रेवनाथ चौरे , राधेश्याम सुधा अरूण गावंडे के हस्ते किया गया ।

इस प्रतीयोगीता को आयोजित कराने मे बेरडी ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा इस सफल आयोजन के ज्ञानेश्वर गावंडे, प्रफुल गायकवाड़ एव वीर बजरंग क्रिडा मंडल एव व्यायाम शाला के समस्त सदस्यों द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ

करेली, देशबन्धु। नगर पालिका परिषद करेली के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत हर साल की तरह स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, इसके तहत नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटन ने सभी नगरवासियो से अपील की है कि अपने शहर को बेहतर बनाने के लिए अपना फीडबैक जरूर दें।अपने शहर को स्वच्छता में श्रेष्ठ बनाने के लिए उसमें कुछ सवाल पूछे जाएंगे। आपके जवाब शहर को बेहतर बनाने में सहयोगी होंगे। फीडबैक देने के लिए क्यू आर कोड स्केन कर या लिंक https:// sbmurban.org/feedback पर जाकर दे सकते है। इसी अभियान के तहत नगर पालिका की टीम के द्वारा शहर में जाकर लोगों से फीडबैक लिए जा रहे हैं जिसमें शहर के स्कूलों/कॉलेजो,शासकीय कार्यालयों वार्डों में नागरिकों से फीडबैक लिया जा रहा है । इसी के तहत नगर पालिका करेली की टीम के द्वारा श्रीमती प्रेमा देवी खरया इंग्लिश स्कूल में जाकर स्टाफ का फीडबैक लिया गया। जिसमें नगर पालिका से रामकुमार ठाकुर, विधान शर्मा, रोहित नामदेव,स्कूल के डायरेक्टर राजीव सुहाने,प्राचार्य,स्टाफ एवं टीचर का सहयोग रहा है।

प्रदेश में एक करोड़ फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य, कार्य 20 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित

दमोह, देशबन्धु। प्रदेश में 100 लाख फार्मर आइडी बनाए जाने का लक्ष्य है जिसमें से 58 लाख फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। शेष 42 लाख फार्मर आईडी 20 मार्च 2025 तक बनाए जाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये कैम्प आयोजित किये जाने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार को निर्देश दिये है।

इस कार्यवाही हेतु कलेक्टर को जिला नोडल अधिकारी नामित किया गया है एवं भू अभिलेख अधीक्षक नियमित को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सहायक नोडल अधिकारी कैम्प की जानकारी अद्यतन करने एवं कैम्प आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय एवं अधिकारियों द्वारा कैम्प भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे एवं पत्र में दिये गए निर्देशों का अक्षरशरू पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम आयोजित

भुआ बिछिया, देशबन्धु। शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार चित्रीव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ रेखा पटेल ने किया । मुख्य वक्ता उप निरीक्षक(?पुलिस) रामप्यारी धुर्वे ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर औद्योगिक सुरक्षा घरेलू सुरक्षा नागरिक सुरक्षा साइबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को प्रदान की ।

प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार चित्रीव ने साइबर सुरक्षा व डिजिटल अरेस्ट से बचाव से संबंधित जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की 7 कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ रेखा पटेल के द्वारा किया गया 7 उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही ।

अंत्येष्टि के लिए भी नहीं मिल रही लकड़ी

30 किमी दूर वन डिपो कान्हाबड़ा से लाने की मजबूरी

केवलारी, देशबन्धु। विधानसभा 116 के मुख्यालय को नगर परिषद का दर्जा है, भौगोलिक स्थिति के हिसाब से नगर परिषद केवलारी के अंतर्गत आने वाले 17 गांवों की जनता इन दिनों अपने परिजनों की अंत्येष्ठि अन्तिम संस्कार के लिए लगने वाली लकड़ियों की कमी की समस्या से बहुत परेशान हैं। पिछले एक बर्ष से इस क्षेत्र की जनता परेशान हो रही है, यहां के जन प्रतिनिधियों वन विभाग दक्षिण समान्य के अधिकारियों साथ नगर पंचायत सीएमओ चंद्रकिशोर भंवरे व नगर परिषद की उदासीनता से वन डिपो मे जलाऊ लकड़ी नहीं मिल रही है।

चार फरवरी को सुखदास बैष्णव के अंतिम संस्कार के लिए नगर में लकड़ी नही मिलने पर कान्हीबाडा जो कि केवलारी से 30किलो मीटर दूर वन

डिपो से लकडी लाकर अंतिम संस्कार किया गया। पिछले एक बर्ष से नगर के जागरूक लोगों ने अधिकारीकारियो को चेताया भी है कि अंतिम संस्कार के लिए लकडी डिपो मे सुरक्षित कराया जाये। वन विभाग कहता है ये नगर परिषद का काम है नगर परिषद कहता है ये हमारा काम नहीं है,जबकि वर्ष 2023 तक लकडी वन डिपो केवलारी में निर्धारित शुल्क पर मिलती थी। अमित सोनी रेंजर की पदस्थापना होते ही ये समाजिक सरोकार की ब्यवस्था भी चौपट हो गयी। प्रतिनिधि तो आम जनता की वोटो से बने है लेकिन उनका व्यवहार भी आया राम गया राम जैसी कहावत चारितार्थ करता है।

नगर के मनीष जैन, रमाशंकर महोबिया, सुधीर पांडेय, रफीक खान, पवन यादव सहित अधिवक्ताओ ने सतीश चोधरी तहसील को कलेक्टर सिवनी वन मंडल अधिकारी दक्षिण सिवनी के नाम ज्ञापन सौंपकर अंतिम संस्कार के लिए 200 चट्टा लकड़ी वन डिपो केवलारी में उपलब्ध कराये जाने की मांग की है अन्यथा अंदौलन की चेतावनी दी है।

दैनिक राशिफल

बुधवार 05 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की षष्ठी नक्षत्र- भरणी

मेष
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

वृषभ
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है।

कर्क
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

सिंह
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

तुला
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

वृश्चिक
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

धनु
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

मीन
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.